Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding drinking water problem in Gwalior Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): मैं आपके माध्यम से एक लोक हित की समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

ग्वालियर में चम्बल नदी का पानी लाने की योजना काफी दिनों से चल रही है। लेकिन वाइल्ड लाइफ और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की ओर से एनओसी न मिलने के कारण काम रुका हुआ है। मैं सरकार से निवेदन करूँगा कि इस काम में जल्दी की जाए।

इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 165 नल-जल की योजनाएं हैं, जो मेनटेनेंस के अभाव में बंद पड़ी हैं। उनको भी शीघ्रातिशीघ्र चालू करने का आदेश यहाँ से प्रदान करें। आप वहां की सरकार से कहें कि यह जल्दी किया जाए ताकि आने वाले समय में ग्वालियर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल की समस्याओं का समाधान समय रहते हो सके।